# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

## Ram Navmi celebration

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 11-04-2022**

# नशे से दूर रहने का संकल्प लें : कौशल

## रामायण में उद्धृत खगोलीय जानकारी सही : प्रो. टंकेश्वर कुमार, हकेविवि में रामनवमी पर कार्यक्रम आयोजित

संवाद न्यूज एजेंसी

**महेंद्रगढ़।** रामनवमी का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। इसी दिन भगवान श्रीराम का जन्म हुआ था। भगवान विष्णु के अवतार ने राम के रूप में जन्म लिया। भगवान राम का जीवन हमें यह संदेश देता है कि कैसे मानव मर्यादा में रहकर सभी कार्यों को पूर्ण कर सकता है। यह विचार केंद्रीय आवास और शहरी कार्य राज्य मंत्री कौशल किशोर ने हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में राम नवमी के अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में व्यक्त किए। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में अटेली के विधायक सीताराम यादव, महेंद्रगढ़ बीजेपी के जिलाध्यक्ष एडवोकेट राकेश शर्मा, एसडीएम दिनेश कुमार, जिला सेवा महावीर कौशिक भी उपस्थित रहे। कौशल ने सभी को रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के जन्मदिन पर हमें नशे से



केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल का स्वागत करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार। संवाद

दूर रहने का संकल्प लेना चाहिए। नशा मुक्त समाज अभियान कौशल का एक अभियान नहीं बल्कि एक आंदोलन है और नशे के खिलाफ इस आंदोलन में हम सभी को सक्रिय रूप से भागीदारी करनी चाहिए।

केंद्रीय राज्यमंत्री ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों और शोधार्थियों को नशे से दूर रहने और इसके लिए दूसरों को भी प्रेरित करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत अब तक 18 लाख लोग नशा मुक्ति का संकल्प कर चुके हैं। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति व कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. टंकेश्वर कुमार ने रामायण की कहानी विज्ञान की जुबानी विषय पर कहा कि रामायण का अर्थ है राम का अयण अर्थात भ्रमण। हमारी सनातन संस्कृति विश्व समुदाय का मार्गदर्शन करती रही है।

प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि आधुनिक सॉफ्टवेयर के माध्यम से भी यह सिद्ध हो गया है कि रामायण में उद्धृत खगोलीय जानकारी सही है। इससे स्पष्ट होता है कि राम कोई मिथक नहीं है और रामायण कोई कल्पना नहीं है। रामायण के समय प्रयोग किए जाने वाले पुष्पक विमान, अस्त्र-शस्त्र, यंत्र, भवन निर्माण आदि इस बात का प्रमाण है कि उस समय हमारा विज्ञान कितना उन्नत एवं सुदृढ़ था।

विश्वविद्यालय के प्रोफेसर मूलचंद शर्मा सभागार में आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत विश्वविद्यालय के कुलगीत के साथ हुई। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा श्रीराम स्तुति व अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का परिचय नशा मुक्त समाज संकल्प के राष्ट्र संयोजक व विश्वविद्यालय के विद्यार्थी अक्षतकांत ने दिया। कार्यक्रम में मंच का संचालन विश्वविद्यालय की प्रिया भारद्वाज ने तथा धन्यवाद ज्ञापन विश्वविद्यालय के कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने ज्ञापित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रो. सुनील कुमार, डॉ. एपी शर्मा, डॉ. प्रदीप नरवाल, डॉ. रणबीर सिंह, डॉ. मनीष कुमार, राधेश्याम सिंह सहित अक्षतकांत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी, शोधार्थी आदि उपस्थित रहे।

### 'बेटे की चिता पर कसम खाई थी'

**महेंद्रगढ़/कनीना।** हमारा देश युवाओं का देश है। युवा पीढ़ी जागरूक रहेगी तो देश आगे बढ़ेगा। नशामुक्त समाज आंदोलन पूरे देश में युवाओं को नशे की लत से दूर रहने के लिए चलाया जा रहा है। यह विचार केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर ने यूरो स्कूल में आयोजित नशा मुक्त समाज आंदोलन अभियान में व्यक्त किए। उन्होंने युवाओं को किसी भी गलत लत से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने अपना बेटा खोया है। उसकी चिता पर कसम खाई थी कि बच्चों को नशे से दूर रखने के लिए यह कहानी सुनाउंगा ताकि कोई बाप अपना बेटा न खोए, कोई पत्नी अपना सुहाग न खोए और कोई मासूम बच्चा अपना पिता ना खोए। यूरो स्कूल की निदेशक एवं भाजपा प्रदेश एनजीओ प्रकोष्ठ संयोजक स्वाति यादव ने कौशल किशोर का स्वागत किया। संवाद

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 11-04-2022**

**विशेष कार्यक्रम** • हकेंवि में बतौर अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर ने किया संबोधित

# मर्यादा के साथ जीने का संदेश देता है राम का जीवन

भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़

हिंदू धर्म शास्त्रों के अनुसार आज ही के दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्म हुआ था। इसलिए राम नवमी के त्यौहार का हमारे जीवन में विशेष महत्त्व है। भगवान विष्णु के अवतार ने राम के रूप में मानव अवतार में जन्म लिया। भगवान राम का जीवन हमें यह संदेश देता है कि कैसे मानव मर्यादा में रहकर सभी कार्यों को पूर्ण कर सकता है।

यह विचार केंद्रीय आवास और शहरी कार्य राज्य मंत्री कौशल किशोर ने हकेंवि में राम नवमी के अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में व्यक्त किए। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अटेली के विधायक सीताराम यादव, महेंद्रगढ़ बीजेपी के जिलाध्यक्ष एडवोकेट राकेश शर्मा, एसडीएम दिनेश कुमार तथा जिला सेवा, महावीर कौशिक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कौशल किशोर ने सभी को राम नवमी की शुभकामनाएं देते हुए मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के जन्मदिन पर हमें नशे से दूर रहने का संकल्प लेना चाहिए।



केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर का स्वागत करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।

उन्होंने कहा कि नशा मुक्त समाज अभियान कौशल का एक अभियान नहीं बल्कि एक आंदोलन है और नशे के खिलाफ इस आंदोलन में हम सभी को सक्रिय रूप से भागीदारी करनी चाहिए। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों और शोधार्थियों को नशे से दूर रहने और इसके लिए दूसरों को भी जागरूक करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत अब तक 18 लाख लोग नशा मुक्ति का संकल्प कर चुके हैं। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलगीत के साथ हुई। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा श्रीराम स्तुति व अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का परिचय नशा मुक्त समाज संकल्प के राष्ट्र संयोजक व विश्वविद्यालय के विद्यार्थी अक्षत कांत ने दिया। कार्यक्रम में मंच का संचालन विश्वविद्यालय की विद्यार्थी प्रिया भारद्वाज ने तथा धन्यवाद ज्ञापन विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने ज्ञापित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रो. सुनील कुमार, डॉ. एपी शर्मा, डॉ. प्रदीप नरवाल, डॉ. रणबीर सिंह, डॉ. मनीष कुमार, राधेश्याम सिंह सहित अक्षत कांत ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी, शोधार्थी आदि उपस्थित रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 11-04-2022**

# मर्यादा के साथ जीने का संदेश देता है भगवान राम का जीवन :कौशल किशोर

## हरियाणा केंद्रीय विवि में राम नवमी के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़: हिंदू धर्म शास्त्रों के अनुसार आज ही के दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्म हुआ था। इसलिए राम नवमी के त्योहार का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। भगवान विष्णु के अवतार ने राम के रूप में मानव अवतार में जन्म लिया। भगवान राम का जीवन हमें यह संदेश देता है कि कैसे मानव मर्यादा में रहकर सभी कार्यों को पूर्ण कर सकता है। यह विचार केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री कौशल किशोर ने हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में राम नवमी के अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में व्यक्त किए। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अटेली के विधायक सीताराम यादव, महेंद्रगढ़ बीजेपी के जिलाध्यक्ष एडवोकेट राकेश शर्मा, एसडीएम दिनेश कुमार तथा जिला सेवा, महावीर कौशिक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कौशल किशोर ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के जन्मदिन पर हमें नशे से दूर रहने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त समाज अभियान कौशल का एक अभियान नहीं, बल्कि एक आंदोलन है और नशे के खिलाफ इस आंदोलन में हम सभी




हकेंवि में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते प्रो. टंकेश्वर कुमार ● सौ. हकेंवि

को सक्रिय रूप से भागीदारी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्व की 22 प्रतिशत युवा शक्ति भारत में रहती है। यदि हम भारत को सुदृढ़ और आत्मनिर्भर भारत बनाना चाहते हैं तो हमें नशा मुक्त समाज का संकल्प लेते हुए नशा मुक्त समाज अभियान कौशल को में अपना योगदान देना होगा। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों और शोधार्थियों को नशे से दूर रहने और इसके लिए दूसरों को भी जागरूक करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत अब तक 18 लाख लोग नशा मुक्ति का संकल्प कर चुके हैं। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति व कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. टंकेश्वर कुमार ने रामायण की कहानी विज्ञान की जुबानी विषय पर अपना प्रस्तुतिकरण देते हुए कहा कि रामायण का अर्थ है राम का अयण




कार्यक्रम को संबोधित करते केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ● सौ. हकेंवि

अर्थात भ्रमण। उन्होंने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति विश्व समुदाय का मार्गदर्शन करती रही है। हमारे यहां रामायण और महाभारत जैसे महाकाव्य की रचना हुई, जो आज भी जन-जन में लोकप्रिय है। आदिकवि महर्षि वाल्मीकि ने रामायण की रचना की। इसमें मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के चरित्र का विस्तारित विवरण काव्य रूप में किया गया है। महर्षि वाल्मीकि केवल एक कवि ही नहीं, अपितु एक खगोलशास्त्री भी थे। खगोलशास्त्र पर उनकी पकड़ रामायण से सिद्ध होती है। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि आधुनिक सॉफ्टवेयर के माध्यम से भी यह सिद्ध हो गया है कि रामायण में उद्धृत खगोलीय जानकारी सही व सटीक है। इससे स्पष्ट होता है कि राम कोई मिथक नहीं है और रामायण कोई कल्पना नहीं है। रामायण के समय प्रयोग किए जाने वाले पुष्पक विमान, अस्त्र-शस्त्र, यंत्र, भवन निर्माण आदि इस बात का प्रमाण है कि उस समय हमारा विज्ञान कितना उन्नत एवं सदृढ़ था। उन्होंने कौशल किशोर द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान की सराहना की और नशा मुक्ति अभियान में साथ मिलकर इस कार्य करने का आश्वासन दिया और सरकार व समाज की आवश्यकताओं को पूर्ण करने में सहयोग प्रदान करेंगे।विश्वविद्यालय के प्रोफेसर मूलचंद शर्मा सभागार में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलगीत के साथ हुई। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा श्रीराम स्तुति व अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का परिचय नशा मुक्त समाज संकल्प के राष्ट्र संयोजक व विश्वविद्यालय के विद्यार्थी अक्षतकांत ने दिया। कार्यक्रम में मंच का संचालन विश्वविद्यालय की विद्यार्थी प्रिया भारद्वाज ने तथा धन्यवाद ज्ञापन विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने ज्ञापित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रो. सुनील कुमार, डा. एपी शर्मा, डा. प्रदीप नरवाल, डा. रणबीर सिंह, डा. मनीष कुमार, राधेश्याम सिंह सहित अक्षतकांत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी, शोधार्थी आदि उपस्थित रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Tribune** **Date: 11-04-2022**

# 'मर्यादा के साथ जीने का संदेश देता है भगवान राम का जीवन'

नारनौल,10 अप्रैल (निस)

भगवान राम का जीवन हमें यह संदेश देता है कि कैसे मानव मर्यादा में रहकर सभी कार्यों को पूर्ण कर सकता है। यह विचार केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री कौशल किशोर ने रविवार को हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में राम नवमी के अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में व्यक्त किए। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अटेली के विधायक सीताराम यादव, महेंद्रगढ़ भाजपा के जिलाध्यक्ष एडवोकेट राकेश शर्मा, एसडीएम दिनेश कुमार तथा जिला सेवा, महावीर कौशिक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कौशल किशोर ने कहा कि नशा मुक्त समाज अभियान कौशल का एक अभियान नहीं बल्कि एक आंदोलन है और नशे के खिलाफ इस आंदोलन में हम सभी को सक्रिय रूप से भागीदारी करनी चाहिए। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति व कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. टंकेश्वर कुमार ने रामायण की कहानी विज्ञान की जुबानी विषय पर अपना प्रस्तुतिकरण देते हुए कहा कि रामायण का अर्थ है राम का अयण अर्थात भ्रमण। उन्होंने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति विश्व समुदाय का मार्गदर्शन करती रही है। विश्वविद्यालय के प्रोफेसर मूलचंद शर्मा सभागार में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलगीत के साथ हुई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रो. सुनील कुमार, डॉ. एपी शर्मा, डॉ. प्रदीप नरवाल, डॉ. रणबीर सिंह, डॉ. मनीष कुमार, राधेश्याम सिंह सहित अक्षतकांत ने अहम भूमिका निभाई।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Haribhoomi** **Date: 11-04-2022**

### हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में रामनवमी पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन

# मर्यादा के साथ जीने एवं कार्य पूर्ण करने का संदेश देता भगवान श्रीराम का जीवन

**मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मदिन पर हमे नशे से दूर रहने का संकल्प लेना चाहिए**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महेंद्रगढ़







महेंद्रगढ़। केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर का स्वागत करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर तथा नारनौल में नवरात्रों के समापन पर कन्याओं को भोजन करवाती युवती व महिला तथा श्रीराम कथा सुनते श्रद्धालु।

फोटो: हरिभूमि

हिंदू धर्म शास्त्रों के अनुसार आज ही के दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्म हुआ था। इसलिए राम नवमी के त्यौहार का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। भगवान विष्णु के अवतार ने राम के रूप में मानव अवतार में जन्म लिया। भगवान राम का जीवन हमें यह संदेश देता है कि कैसे मानव मर्यादा में रहकर सभी कार्यों को पूर्ण कर सकता है। यह विचार केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्यमंत्री कौशल किशोर ने हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में रामनवमी के अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में व्यक्त किए। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अटेली के विधायक सीताराम यादव, भाजपा के जिलाध्यक्ष एडवोकेट राकेश शर्मा, एसडीएम दिनेश तथा जिला सेवा महावीर कौशिक भी उपस्थित रहे।

मुख्यतिथि किशोर ने सबको रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए आज मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मदिन पर हमे नशे से दूर रहने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त समाज अभियान कौशल का एक अभियान नहीं, बल्कि एक आंदोलन है और नशे के खिलाफ आंदोलन में हम सबको सक्रिय भागीदारी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्व की 22 प्रतिशत युवा शक्ति भारत में रहती है। यदि हम भारत को सुदृढ़ और आत्मनिर्भर भारत बनाना चाहते हैं तो हमें नशा मुक्त समाज का संकल्प लेते हुए नशा मुक्त समाज अभियान कौशल में अपना योगदान देना होगा। केंद्रीय राज्य मंत्री ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मियों, विद्यार्थियों और शोधार्थियों को नशे से दूर रहने और इसके लिए दूसरों को भी जागरूक करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत अब तक 18 लाख लोग नशा मुक्ति का संकल्प कर चुके हैं। विवि के कुलपति व कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. टंकेश्वर ने रामायण की कहानी विज्ञान की जुबानी विषय पर अपनी प्रस्तुति देते हुए कहा कि रामायण का अर्थ है राम का अयण अर्थात भ्रमण। उन्होंने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति विश्व समुदाय का मार्गदर्शन करती रही है। हमारे यहां रामायण और महाभारत जैसे महाकाव्य की रचना हुई, जो आज भी जन-जन में लोकप्रिय हैं। आदिकवि महर्षि वाल्मीकि ने रामायण की रचना की। इसमें मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के चरित्र का विस्तारित विवरण काव्य रूप में किया गया है। महर्षि वाल्मीकि केवल एक कवि ही नहीं, अपितु खगोलशास्त्रर भी थे। खगोलशास्त्र पर उनकी पकड़ रामायण से सिद्ध होती है। प्रो. टंकेश्वर ने कहा कि आधुनिक सॉफ्टवेयर के माध्यम से भी यह सिद्ध हो गया है कि रामायण में उद्धृत खगोलीय जानकारी सही व सटीक है। इससे स्पष्ट होता है कि राम कोई मिथक नहीं है और रामायण कोई कल्पना नहीं है। रामायण के समय प्रयोग किए जाने वाले पुष्पक विमान, अस्त्र-शस्त्र, यंत्र, भवन निर्माण आदि इस बात का प्रमाण हैं कि उस समय हमारा विज्ञान कितना उन्नत एवं सुदृढ था। उन्होंने कौशल किशोर द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान की सराहना की और नशा मुक्ति अभियान में साथ मिलकर इस कार्य करने का आश्वासन दिया और सरकार व समाज की आवश्यकताओं को पूर्ण करने में सहयोग प्रदान करेंगे।

मंच का संचालन विद्यार्थी प्रिया भारद्वाज तथा धन्यवाद ज्ञापन छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने ज्ञापित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रो. सुनील, डॉ. एपी शर्मा, डॉ. प्रदीप नरवाल, डॉ. रणबीर सिंह, डॉ. मनीष, राधेश्याम सिंह सहित अक्षतकांत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## कन्याओं को भोजन करवाया

नारनौल। जिलेभर में रविवार को राम नवमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया। श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पहुंचकर पूजा अर्चना कर मन्नतें मांगी। मंदिरों में भंडारे व सत्संग का आयोजन किया गया। इसके साथ ही महिलाओं ने कन्याओं को भोजन करवाकर नौ दिन तक चले नवरात्रों का समापन किया। इस अवसर पर कन्याओं को भोजन करवाकर उन्हें उपहार भी दिए गए। बता दे कि राम नवमी का पर्व भगवान श्रीराम जन्मोत्सव के रूप में चैत्र नवरात्रि की नवमी तिथि को मनाया जाता है। चैत्र नवमी तिथि नवरात्रि का आखिरी दिन होता है। इसी के साथ नौ दिनों तक चलने वाले देवी दुर्गा की आराधना का पर्व समाप्त होता है। चैत्र नवमी शुक्ल पक्ष तिथि पर भगवान श्रीराम का जन्म हुआ था। हिंदू धर्म के लोग हर वर्ष चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमीतिथि पर राम जन्मोत्सव का त्योहार बड़े ही उत्साह के साथ मनाते हैं। हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार भगवान राम विष्णुजी के सातवें अवतार माने जाते हैं। राम नवमी के दिन भगवान राम, माता सीता व राम भक्त हनुमानजी की विशेष पूजा-आराधना की जाती है। ऐसी मान्यता है कि चैत्र शुक्ल पक्ष नवमी तिथि पर भगवान श्रीराम की जो व्यक्ति सच्चे मन से उनकी पूजा-आराधना करता है उसे जीवन में मान-सम्मान व सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है।

## भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक करके कथा का समापन

नारनौल। श्री गो गोपाल प्रचार एवं असहाय सेवा संस्थान की ओर से कल्लुमल बगीची मोहल्ला खड़खड़ी में आयोजित श्रीराम कथा में यजमान महेश भालोठिया, विनोद सोनी, देवेन्द्र यादव से आचार्य प्रशान्त शास्त्री व मनीष शास्त्री ने विधिविधान से पूजन करवाया। श्रीराम की आरती करवाकर कथा का शुभारंभ किया। आचार्य बजरंग शास्त्री ने बताया कि सीता की खोज में राम वन-वन घूमते हुए पर्वत पर पहुंच गए हैं। वहां पर राम व लक्ष्मण को देखकर सुग्रीव के मन में शंका हो रही है। दोनों भाइयों के बारे पता लगाने के लिए हनुमान को भेजते हैं। ब्राह्मण का रूप धरकर गए व सिर नवाकर वन में विचर रहे कारणों के बारे में हनुमान ने जानकारी ली। इसके बाद प्रभु राम ने अपना परिचय दिया और वन में भ्रमण करने के कारणों के बारे में बताया। इसके बाद प्रभु राम को पहचानकर हनुमान ने उनके चरण पकड़ लिए। प्रभु को पहचानने में हुई देरी से हनुमान को बहुत ग्लानि हुई। इस पर प्रभु राम ने हृदय से लगाकर कहा कि मन में ग्लानि मत भरो। इसके बाद हनुमान से उन्हें सुग्रीव से मिलाया। शास्त्री ने राम भक्त हनुमान के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान से भक्त बड़ा होता है। हनुमानजी महान योद्धा के साथ-साथ ज्ञानी भी थे। हनुमान जी ने अपनी आग लगी पूंछ से पूरी लंका में आग लगा दी। जिससे वहां पर त्राहिमाम मच गया। आज महाराज ने भगवान राम का विधिवत राज्याभिषेक करके कथा का समापन कर दिया। इस मौके पर वेदप्रकाश भारद्वाज, मुकेश अग्रवाल, रोहतास अग्रवाल, सूरज बोहरा, राजन सैनी, महेंद्र नूनीवाला, विनोद सोनी, प्रदीप संघी, सचिव सुरेंद्र गोयल, सुरेश शर्मा, राकेश बंसल, विनोद सर्राफ, रमेश गोयल, चिराग गोयल, मनोज अग्रवाल, सोमदेव शास्त्री, ओमप्रकाश ठेकेदार, रमेश शर्मा, जितेंद्र अग्रवाल, अनुराधा नूनीवाला, रमा सोनी, मोनिका शर्मा, मंजू शर्मा, रेखा संघी, श्याम सखी, पिस्ता शर्मा आदि मौजूद थे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Punjab Kesari** **Date: 11-04-2022**


### हकेंवि में रामनवमी के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित

# मर्यादा के साथ जीने का संदेश देता भगवान राम का जीवन: कौशल किशोर

## ■ नशा मुक्त हरियाणा का दिलाया संकल्प



कार्यक्रम में संबोधित करते केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर।

महेंद्रगढ़ 10 अप्रैल (परमजीत/मोहन): हिंदू धर्म शास्त्रों के अनुसार आज ही के दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्म हुआ था। इसलिए राम नवमी के त्यौहार का हमारे जीवन में विशेष महत्त्व है। भगवान विष्णु के अवतार ने राम के रूप में मानव अवतार में जन्म लिया। भगवान राम का जीवन हमें यह संदेश देता है कि कैसे मानव मर्यादा में रहकर सभी कार्यों को पूर्ण कर सकता है। यह विचार केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री कौशल किशोर ने हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में रामनवमी के अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में व्यक्त किए। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अटेली के विधायक सीताराम यादव, महेंद्रगढ़ भापजा के जिलाध्यक्ष एडवोकेट राकेश शर्मा, एस.डी.एम. दिनेश कुमार तथा जिला सेवा, महावीर कौशिक भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्यातिथि कौशल किशोर ने सभी को रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए आज मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के जन्मदिन पर हमें नशे से दूर रहने का संकल्प लेना चाहिए।

नशा मुक्त समाज अभियान कौशल का एक अभियान नहीं बल्कि एक आंदोलन है और नशे के खिलाफ इस आंदोलन में हम सभी को सक्रिय रूप से भागीदारी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्व की 22 प्रतिशत युवा शक्ति भारत में रहती है। यदि हम भारत को सुदृढ़ और आत्मनिर्भर भारत बनाना चाहते हैं तो हमें नशा मुक्त समाज का संकल्प लेते हुए नशा मुक्त समाज अभियान कौशल को में अपना योगदान देना होगा। केंद्रीय राज्य मंत्री ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों और शोधार्थियों को नशे से दूर रहने और इसके लिए दूसरों को भी जागरूक करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत अब तक 18 लाख लोग नशा मुक्ति का संकल्प कर चुके हैं।

## हमारी सनातन संस्कृति विश्व समुदाय का मार्गदर्शन करती रही है: प्रो. टंकेश्वर

**हरियाणा** केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति व कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. टंकेश्वर कुमार ने रामायण की कहानी विज्ञान की जुबानी विषय पर अपना प्रस्तुतिकरण देते हुए कहा कि रामायण का अर्थ है राम का अयण अर्थात भ्रमण। हमारी सनातन संस्कृति विश्व समुदाय का मार्गदर्शन करती रही है। हमारे यहां रामायण और महाभारत जैसे महाकाव्य की रचना हुई, जो आज भी जन-जन में लोकप्रिय है। आदिकवि महर्षि वाल्मीकि ने रामायण की रचना की। इसमें मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के चरित्र का विस्तारित विवरण काव्य रूप में किया गया है। महर्षि वाल्मीकि केवल एक कवि ही नहीं अपितु एक खगोल शासत्री भी थे। खगोलशास्त्र पर उनकी पकड़ रामायण से सिद्ध होती है। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि आधुनिक सॉफ्टवेयर के माध्यम से भी यह सिद्ध हो गया है कि रामायण में उद्धृत खगोलीय जानकारी सही व सटीक है। इससे स्पष्ट होता है कि राम कोई मिथक नहीं है और रामायण कोई कल्पना नहीं है। रामायण के समय प्रयोग किए जाने वाले पुष्पक विमान, अस्त्र-शस्त्र, यंत्र, भवन निर्माण आदि इस बात का प्रमाण है कि उस समय हमारा विज्ञान कितना उन्नत एवं सदृढ़ था। उन्होंने कौशल किशोर द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान की सराहना की और नशा मुक्ति अभियान में साथ मिलकर इस कार्य करने का आश्वासन दिया और सरकार व समाज की आवश्यकताओं को पूर्ण करने में सहयोग प्रदान करेंगे।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा श्रीराम स्तुति व अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का परिचय नशा मुक्त समाज संकल्प के राष्ट्र संयोजक व विश्वविद्यालय के विद्यार्थी अक्षतकांत ने दिया। कार्यक्रम में मंच का संचालन विश्वविद्यालय की विद्यार्थी प्रिया भारद्वाज ने तथा धन्यवाद ज्ञापन विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने ज्ञापित किया।